## एक नजर में

### यात्री बस एवं ट्रक की टक्कर, एक यात्री घायल

**मुलताई।** नेशनल हाईवे नागपुर रोड पर मल्हारा पंखा के पास मंगलवार रात करीब 12 बजे नागपुर से इंदौर जा रही बाबा बस और ट्रक की टक्कर हो गई। बताया जाता है बाबा बस क्रमांक एमपी 13 जेडके 0787 नागपुर से इंदौर जा रही थी।इस दौरान बस ने आगे चल रहे ट्रक को पीछे से टक्कर मार दी,दुर्घटना में बस का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। बस में 8 यात्री सवार थे, जिसमे से नागपुर निवासी संजय को हाथ में चोट आई। जिन्हे तुरंत अस्पताल लाया गया। वहीं अन्य यात्रियों को मामूली चोटें आईं। उपचार के बाद सभी यात्री सुरक्षित बताए जाते है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची एवं बस और ट्रक को सड़क किनारे हटवाकर यातायात चालू करवाया। वहीं यात्रियों दूसरी बस से इंदौर के लिए रवाना हुए।पुलिस द्वारा मामले में कार्रवाई की गई।

### बीती रात दो स्थानों से मंदिर की दान पेटी चोरी

**भैंसदेही।** सवालमेंडा क्षेत्र में लगातार चोरी कि घटनाएं सामने आ रही जो पुलिस का चोरों में भय समाप्त होना दर्शाती है। बीती रात में ग्राम सावलमेंढा एवं ठेमगाव के मंदिर से दान पेटी अज्ञात चोरों द्वारा चुरा ली गयी जिसमे हजारो रुपये नगद होने कि जानकारी सामने आई है। ग्रामीण संजू गलफट, रामराव पांसे,रवि खांडवे, हेमराज बारस्कर,यादोराव बारस्कर, रमेश डांगे, ललित पाटनकर, वामन धोटे आदि द्वारा बताया गया कि रात्रि में अज्ञात व्यक्ति द्वारा हनुमान मंदिर कि दान पेटी चुरा ली गयी है जिसमे लगभग 25 हजार से अधिक कि राशि रही होगी घटना को लेकर आज ग्राम स्तर पर बैठक भी रखी गयी थी जिसमे ग्रामीणों द्वारा ग्राम के ही एक व्यक्ति पर चोरी की आशंका भी जाहिर कि गयी है।इसके अतिरिक्त सावलमेंढा के बस स्टैंड साई मंदिर से भी दान पेटी चोरी कि घटना सामने आई है। पूर्व में भी बाइक,साप्ताहिक बाजार से मोबाइल एवं घर के ताले टूटने कि अनेको घटनाओं हो चुकी है जिसमे पुलिस के हाथ अभी तक खाली ही है।

### बजरंगियों ने घायल गौवंश का कराया उपचार

**मुलताई।** नगर के बस स्टैंड के पास एक बेसहारा नंदी 2 दिन से घायल अवस्था में एक ही स्थान पर बैठा हुआ था। जिसकी सूचना मिलते ही बारिशबके बीच बजरंग दल मुलतापी के बजरंगी प्रखंड संयोजक भूपेश साहू, प्रखंड सुरक्षा प्रमुख दीपांशु साहू, प्रखंड गौ रक्षा प्रवीण राऊत,जिला संयोजक ऋषि साहू , महेंद्र साहू जतिन साहू,सागर बजरंगी मौके पर पहुंचे व डाक्टर को बुलवाकर नंदी का पुर्ण उपचार करवाया करीब 3 घंटे विलम्ब के बाद नगर पालिका की काऊ कैचर बुलवाई गई। काऊ कैचर से नंदी को सुरक्षित बैठाकर नगर के कांजी हाउस पहुंचाया।

### बिजली पोल पर काम कर रहा लाइनमैन झुलसा

**मुलताई।** क्षेत्र के ग्राम आष्टा में बुधवार दोपहर बिजली पोल पर च?कर बिजली का काम कर रहा एक लाइनमेन गंभीर रूप से झुलस गया। जिसे उपचार के लिए नगर के सरकारी अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया है।बताया जाता है लोकेश उत्तमराव कुनबी 28 साल बुधवार की दोपहर करीब 2 बजे बिजली के पोल पर चढ़कर जम्फर बदलने का काम कर रहे थे। इस दौरान अचानक रिटर्न करंट आने से वह बुरी तरह झुलस गए।

# आधुनिक-उच्चस्तरीय स्वास्थ्य सेवाओं का मिलेगा लाभ : हेमंत खंडेलवाल

नवभारत न्यूज

**बैतूल, 20 अगस्त. आदिवासी बाहुल्य बैतूल जिलेवासियों को उच्चस्तरीय, आधुनिक स्वास्थ सुविधाएं मिलने का सपना जल्द ही साकार होने वाला है।**

**उपमुख्यमंत्री ने उच्चस्तरीय बैठक में दिए निर्देश**

**बैतूल मेडिकल कॉलेज का शीघ्र होगा भूमिपूजन**

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल के विशेष प्रयासों से पीपीपी मोड पर बैतूल में स्वीकृत मेडिकल की स्थापना को लेकर उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने मंत्रालय भोपाल में बुधवार को उच्चस्तरीय बैठक ली। बैठक में उप मुख्यमंत्री ने बैतूल जिले में पीपीपी मोड पर मेडिकल कॉलेज की स्थापना कार्यों की वृहद समीक्षा की। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने बैठक में कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक व्यापक एवं सुदृढ़ बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। पीपीपी मोड पर मेडिकल कॉलेज की स्थापना इसी दिशा में एक ऐतिहासिक पहल है। उन्होंने कहा कि जिला चिकित्सालय का प्रशासन एवं नियंत्रण शासन के पास ही रहेगा, वहीं निजी भागीदारी से स्वास्थ्य सेवाओं का सुदृढ़ीकरण, विशेषज्ञ डॉक्टरों एवं पैरामेडिकल स्टाफ की उपलब्धता, अत्याधुनिक उपकरणों की स्थापना और चिकित्सा शिक्षा का विस्तार सुनिश्चित होगा। उन्होंने विभागीय अफसरों और आरकेडीएफ ग्रुप के प्रतिनिधियों को बैतूल मेडिकल कालेज का कार्य शीघ्र प्रारंभ करने



के निर्देश दिए। बैठक में विशेष रूप से मौजूद भाजपा प्रदेशाध्यक्ष एवं विधायक बैतूल हेमंत खंडेलवाल ने कहा कि पीपीपी मोड पर मेडिकल कॉलेज की स्थापना से बैतूल जिलेवासियों को आधुनिक और उच्चस्तरीय स्वास्थ सेवाओं का लाभ मिलेगा। बैठक में विधायक भैंसदेही महेन्द्र सिंह चौहान, विधायक मुलताई चन्द्रशेखर देशमुख, प्रमुख सचिव संदीप यादव, आयुक्त तरुण राठी, आरकेडीएफ ग्रुप के चेयरमैन डॉ. सुनील कपूर सहित विभागीय वरिष्ठ अधिकारी आरकेडीएफ ग्रुप के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

**शीघ्र प्रारंभ किया जाए मेडिकल कालेज का कार्य :** भाजपा प्रदेशाध्यक्ष एवं बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल ने बैठक में कहा कि मेडिकल कॉलेज का कार्य प्राथमिकता पर शीघ्र प्रारंभ किया जाए, ताकि जिले के नागरिकों को आधुनिक स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ समय पर मिल सके। उन्होंने कहा कि यदि स्थानीय स्तर पर कोई समस्या आती है तो उसका समाधान तत्काल शासन-प्रशासन द्वारा सुनिश्चित किया जाएगा। आरकेडीएफ ग्रुप के चेयरमैन डॉ. सुनील कपूर ने कहा कि निर्माण कार्य एक वर्ष की अवधि में पूर्ण कर लिया जाएगा, ताकि आगामी शैक्षणिक सत्र से एमबीबीएस एवं पीजी पाठ्यक्रम प्रारंभ हो सके। आरकेडीएफ समूह परियोजना प्रारंभ होने के 90 दिनों के भीतर शासन को विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन प्रस्तुत करेगा, जिसमें निर्माण और उन्नयन की समयसीमा, डिज़ाइन, गुणवत्ता सुनिश्चित करने की प्रक्रिया एवं लागत का संपूर्ण विवरण शामिल होगा। आरकेडीएफ समूह द्वारा अस्पताल और कॉलेज में आधुनिक उपकरणों एवं नवीनतम तकनीकी प्रगति का उपयोग करते हुए सेवाओं को समय-समय पर अद्यतन रखा जाएगा।

### जिला अस्पताल बैतूल का होगा उन्नयन

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि पीपीपी मॉडल पर स्थापित होने वाले मेडिकल कॉलेज से जिले की स्वास्थ्य सेवाएं सुदृढ़ होंगी। 25 एकड़ भूमि पर विकसित होने वाली इस परियोजना के अंतर्गत जिला अस्पताल बैतूल का उन्नयन कर उसकी क्षमता 300 बेड से बढ़ाकर 675 बेड की जाएगी। साथ ही छात्रों के लिए हॉस्टल एवं स्टाफ के लिए आवासीय परिसर का निर्माण भी किया जाएगा। कैथलैब, सीटी स्कैन, एमआरआई जैसी आधुनिक विशेषज्ञ सेवाएँ उपलब्ध होंगी। जिला अस्पताल में डॉक्टर एवं पैरामेडिकल स्टाफ की उपलब्धता बढ़ेगी जिससे बेहतर स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान की जा सकेंगी।

### यूजी-पीजी पाठ्यक्रम होंगे संचालित

मेडिकल कॉलेज एवं शिक्षण अस्पताल बैतूल की स्थापना राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग के दिशा-निर्देशों और निर्धारित मानकों के अनुरूप की जाएगी। आरकेडीएफ समूह जिला चिकित्सालय का उन्नयन कर उसे 675 बेड क्षमता वाले शिक्षण अस्पताल में विकसित करेगा। वर्तमान स्वास्थ्य सेवाओं में कोई व्यवधान उत्पन्न किए बिना अतिरिक्त सुविधाएँ उपलब्ध कराई जाएंगी। एमबीबीएस एवं एमडी पाठ्यक्रमों के संचालन के लिए आरकेडीएफ समूह आवश्यक निवेश करेगा और पर्याप्त संकाय, डॉक्टर, नर्स और पैरामेडिकल स्टाफ की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी।

## एस हैंडलिंग कार्य को पेटी पर दिए जाने का विरोध तेज

**सारनी।** ठेका श्रमिकों ने जिला कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन,सारनी सतपुड़ा थर्मल पावर प्लांट के एस हैंडलिंग प्लांट में कार्य को पेटी पर दिए जाने के निर्णय का ठेका श्रमिकों एवं स्थानीय युवाओं ने कड़ा विरोध किया है। इस संबंध में भारतीय मजदूर ठेका श्रमिक संघ एवं श्रमिक संगठनों के पदाधिकारियों ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर अवगत कराया कि इस निर्णय से श्रमिकों का शोषण बढ़ेगा तथा स्थानीय युवाओं के रोजगार पर संकट खड़ा हो जाएगा। श्रमिक संगठनों ने आरोप लगाया कि मुख्य अभियंता ने इस कार्य को बालाजी



एंटरप्राइजेज को देने हेतु महज 12 से 13 दिनों में जबलपुर मुख्यालय से अप्रूवल मंगवाकर तत्परता दिखाई, जबकि पूर्व में ऐसे कार्यों में अनुमोदन प्राप्त करने में 70 दिनों से अधिक समय लगता था। इस जल्दबाजी ने पूरे मामले को संदेह के घेरे में ला खड़ा किया है। श्रमिक नेताओं ने बताया कि वर्तमान में बालाजी कंपनी पर श्रमिकों के शोषण का मामला श्रम न्यायालय बैतूल में विचाराधीन है, इसके बावजूद उसी कंपनी को पुनः पेटी पर कार्य सौंपने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सीएम हेल्पलाइन पर भी अब तक लगभग 20 शिकायतें दर्ज कराई गई हैं, परंतु प्रबंधन श्रमिकों की समस्याओं को अनदेखा कर रहा है। भारतीय मजदूर ठेका श्रमिक संघ के पदाधिकारी राजेंद्र सागर, विनोद भारती, अजय भरपेटे, प्रकाश घाटे, राजेश भारती, चंदन भन्नारे, सुधीर पाल एवं संजय यादव ने बताया कि वर्षों से एस हैंडलिंग प्लांट में कार्यरत ठेका श्रमिकों को बार-बार शोषण का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि श्रमिकों की मांगों की अनदेखी की गई तो आंदोल लिए बाध्य होंगे।

## आदर्श धनोरा से निकली निशान यात्रा का स्वागत

**भैंसदेही।** भीमपुर ब्लॉक के आदर्श धनोरा से शिक्षक संघ अध्यक्ष आजादसिंह राजपूत के नेतृत्व में पैदल चलकर संत गुणवंत बाबा मंदिर लाखनवाडी जा रही निशान यात्रा का सावलमेंढा पहुचने पर पर स्थानीय शिक्षकों एवं युवाओ द्वारा स्वागत किया गया। स्थानीय बालक छात्रावास में भोजन एवं रात्रि विश्राम पश्चात आज सुबह अल्पाहार के बाद यात्रा अपने गंतव्य कि ओर रवाना हुई। यात्रा में सम्मिलित युवाओ द्वारा बताया गया कि गुरुवार लाखनवाड़ी पहुचकर पूजा -अर्चना कर निशान चढाया जाएगा आज का रात्रि विश्राम खोमई में रहेगा। यात्रा के माध्यम से



सावलमेंढा पहुचे शिक्षक संघ अध्यक्ष का सावलमेंढा प्राचार्य मंजुला बौरासी,कोथलकुण्ड प्रचार्य कुसुम साबले एवं छात्रावास अधिक्षका मालती भलावी द्वारा भी पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर यात्रा में सम्मिलित धर्मेंद्र धूर्वे, विवेक सोनी, रामपाल उईके, अरविंद उईके, कपिल राजपुत, विजेन्द्र प्रताप सिंह सहित महेंद्रसिंह गौर, मिट्ठु कनाठे, राम जावरकर,संदीप धाडसे, मोनू सुहाने, सिद्धार्थ शिवहरे, शानू बौरासी, संदीप राठौर, वीरेंद्र आहाके आदि उपस्थित रहे।

## कार की स्टेपनी बदलते समय ट्रक ने मारी टक्कर, एक की मौत

**बैतूल।** बैतूल-इंदौर हाईवे पर मंगलवार देर रात हुए सड़क हादसे में छिंदवाड़ा जिले के छापा खाना निवासी शेख फारूक (30) की मौत हो गई। हादसे में उनके भाई शानू घायल हो गए। घटना खेड़ी-सांवलीगढ़ के पास हुई। जानकारी के अनुसार, शेख फारूक अपने परिवार के साथ उज्जैन जा रहे थे। उनकी स्विफ्ट डिजायर कार हाईवे पर पंचर हो गई। स्टेपनी बदलते समय तेज रफ्तार ट्रक ने कार को टक्कर मार दी। इस हादसे में फारूक गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि उनके भाई शानू को मामूली चोट आई। हादसे के बाद घायल परिवार को जिला अस्पताल बैतूल लाया गया। डॉक्टरों ने शेख फारूक को मृत घोषित किया। बताया जा रहा है कि अस्पताल पहुंचने तक उनकी सांसें चल रही थीं। पुलिस के अनुसार, हादसे के समय वहां से कई ट्रक और वाहन गुजरे थे। उनकी तलाश की जा रही है। मृतक अपने परिवार के साथ उज्जैन किसी निजी कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे। हादसे से परिवार में शोक का माहौल है। फिलहाल अस्पताल पुलिस चौकी मृतक का पीएम करवा रही है और शव परिजनों को सौंप दिया है।

## कांग्रेसियों ने मनाई राजीव गांधी की जयंती

**भैंसदेही।** भैंसदेही में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न स्व. राजीव गांधी की जयंती देशमुख कॉम्प्लेक्स में सद्भावना दिवस के रुप में मनाई गई। इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष रानू ठाकुर के नेतृत्व में वरिष्ठ कांग्रेसियों ने राजीव गांधी जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित की। वरिष्ठ कांग्रेसी श्याम नारायण तिवारी ने कहा कि स्व. राजीव गांधी ने सूचना क्रांति की नींव रखकर भारत को एक नए युग की ओर अग्रसर किया। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रानू ठाकुर ने कहा कि स्वर्गीय राजीव गांधी ने अपने कार्यकाल में भारत को एक नई दिशा दी थी। भारत में



संचार क्रांति एवं सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में इन का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। राजीव गांधी ने पंचायती राज, सूचना क्रांति एवं 18 वर्ष के युवाओं को मतदान का अधिकार दिलवाया। उनके इन कार्यों को हमेशा याद रखा जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष विनयशंकर पाठक, युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष राहुल छत्रपाल, आदिवासी कांग्रेस जिला अध्यक्ष पंजाब आहाके, वरिष्ठ कांग्रेसी सैय्यद अफरोज भाई, प्रहलाद कोसे, वामन महाले सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे।

## सुपारी कारोबारकर्ता के गोदाम का किया औचक निरीक्षण

**बैतूल।** कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा जिले में खाद्य पदार्थों का विक्रय करने वाले प्रतिष्ठानों की सघन जांच एवं नमूने लिए जाने की कार्रवाई की जा रही है। अभिहित अधिकारी खाद्य सुरक्षा प्रशासन शैलेंद्र बड़ोनिया के मार्गदर्शन में 19 अगस्त को खाद्य पदार्थ विक्रय करने वाले प्रतिष्ठानों की सघन जांच की गई। खाद्य सुरक्षा अधिकारी संदीप पाटिल, पुरुषोत्तम भंडारिया, शशि भारतीय एवं पुलिस विभाग से एएसआई यादव द्वारा पाथाखेड़ा में बिना अनुज्ञप्ति के संचालित हो रहे एक सुपारी कारोबार कर्ता का औचक निरीक्षण किया गया। फर्म को वेद अनुज्ञप्ति प्राप्त करने तक बंद रखने के निर्देश दिए गए। फर्म से सुपारी के दो नमूने लिए गए। एजेंसियों से अचार मसाला, मिर्च पाउडर, धनिया पाउडर, हल्दी पाउडर के एक-एक नमूने लिए गए। लिए गए कुल 6 सैंपल खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल भेजे जाएंगे तथा जांच रिपोर्ट के आधार पर कार्यवाही की जाएगी। निरीक्षण के दौरान खाद्य कारोबार कर्ताओं को प्रतिष्ठान में साफ-सफाई रखने की हिदायत भी दी गई। यह कारवाई सतत जारी रहेगी।

## छात्राओं को बाढ़ से बचाकर शिक्षकों ने घर पहुंचाया

**बैतूल।** विगत दिनों शिक्षकों की सतर्कता और तत्परता के चलते अप्रिय घटना घटित होने से बच गई। जिससे बच्चे व पालकों ने राहत की सांस लेकर स्कूल पहुंचकर शिक्षकों का सम्मान करते हुए बच्चों को घर पहुंचने पर उसकी आंखों से आंसू झलक उठे। मंगलवार शाम ढोंडवाड़ा स्कूल की छात्र-छात्राएं नियत समय पर स्कूल बंद होने पर अपने गांव सावंगा और सेलगांव के लिए निकले। रास्ते में हल्की बारिश हो रही थी इसलिए बच्चे घर रवाना हो गए लेकिन करंजी नाले के ऊपरी हिस्से में अचानक तेज होने के कारण नाले के रपटे पर से बाढ़ की स्थिति



निर्मित हो गई। जिसके कारण बच्चे लेट होने के चलते पालकों व ग्रामीणों ने शिक्षकों से तत्काल संपर्क किया। संस्था के वरिष्ठ कैलाश पवार ने नाले पर पहुंचकर चौ पहिया वाहन की व्यवस्था कर दूसरे सुरक्षित रास्ते से बच्चों को सकुशल घर तक पहुंचाया। बच्चों को घर सकुशल देखकर पलकों में खुशी का ठिकाना नहीं रहा। शिक्षकों के इस प्रयास की ग्रामीणों ने प्रशंसा करते हुए कहा कि यह प्रयास अन्य शिक्षकों के लिए अनुकरणीय पहल है।

## शासकीय महाविद्यालय में प्रश्न मंच प्रतियोगिता हुई आयोजित

**भैंसदेही। वीर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी गंजन सिंह कोरकू शासकीय महाविद्यालय भैंसदेही में भारत के स्वतंत्रता संग्राम पर आधारित प्रश्नमंच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।**

**10 विद्यार्थियों का अगले चरण के लिए किया चयन**

**प्रतियोगिता में 50 से अधिक विद्यार्थियों ने लिया हिस्सा**

इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. जितेंद्र कुमार दवंडे ने इतिहास विभाग द्वारा किए गए आयोजन की



सराहना करते हुए कहा कि इसके माध्यम से विद्यार्थियों में स्वतंत्रता संग्राम के संबंध में जागरूकता बढ़ेगी एवं उनका ज्ञानवर्धन भी होगा। प्रतियोगिता में पहले लिखित माध्यम से प्रारंभिक राउंड आयोजित किया गया, जिसमें 50 से अधिक विद्यार्थियों ने सहभागिता की। इनमें से 10 विद्यार्थियों को अगले चरण हेतु चयनित किया गया। इसके पश्चात पावरप्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से पांच राउंड आयोजित किए गए। इनमें भारत के स्वतंत्रता सेनानियों, स्वतंत्रता संग्राम की प्रमुख घटनाओं , देशभक्ति पर आधारित फिल्मों से संबंधित प्रश्न पूछे गए। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान रविराज धुर्वे एवं राज कासदे ने प्राप्त किया। द्वितीय स्थान पर पलक राठौर एवं प्रगति बारपेठे रहें। तृतीय स्थान रागिनी खंडाईत एवं आरती शनवारे तथा देवधन सुजाने एवं गुणवंत उईके ने प्राप्त किया। प्रतियोगिता का संयोजन डॉ नीलिमा धाकड़ सहायक प्राध्यापक इतिहास ने किया। प्रतियोगिता ने आयोजन में डॉ मुकेश सस्तया, रविन्द्र सिंह शाक्यवार, सुश्री विशाखा गुरुव तथा समस्त प्राध्यापकों ने सहयोग प्रदान किया।

**कार्यक्रम** | **कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष का नगर के कांग्रेसियों ने किया जगह-जगह स्वागत**

# प्रदेश में भाजपा के खिलाफ माहौल, सीएम नान इफेक्टिव : पटवारी

**मुलताई। प्रदेश में भाजपा के खिलाफ माहौल है, मुख्यमंत्री नान इफेक्टिव है,उनकी कार्य शैली ठीक नहीं होने से जनता उन्हें बदलना चाहती है।**

**कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने पत्रकारों से की चर्चा**

**कांग्रेस में गुटबाजी आगामी समय में नहीं दिखेगी**

यह बात बुधवार को मुलताई पहुंचे प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने पत्रकार वार्ता में कही। इसके पहले मुलताई पहुंचे प्रदेश कांग्रेस पटवारी का नगर के कांग्रेसियों ने नगर के बस स्टेण्ड पर उनका फूल मालाओ से स्वागत किया। इस दौरान उनके साथ



कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष एवं संगठन प्रभारी सुखदेव पांसे, बैतूल जिलाध्यक्ष निलय डागा भी उपस्थित थे। स्वागत उपरांत पत्रकार वार्ता को सम्बोधित करते हुए जीतू पटवारी ने कहा कांग्रेस का प्रथम चरण का संगठन सृजन अभियान पूर्ण हो चूका है. अब दूसरे चरण के अभियान में पंचायत स्तर पर अध्यक्ष एवं 25 सदस्य बनाए जाएगे,जो मंडल अध्यक्ष को चुनेंगे। जिसमे आठ विभागों का गठन होगा। पत्रकारों ने जब उनसे नगर में कांग्रेस की गुटबाजी के संबंध में पूछा गया तो उन्होने कहा की आगामी समय में नहीं दिखेगी, हम सब एक है परिवार के है, आगामी समय में हम जिले की सभी सीटें जीतेंगे। उन्होने राहुल गांधी द्वारा उठाए गए वोट चोरी के मुद्दे पर कहा की वोट चोरी का मुद्दा पार्टी का नहीं है, चुनाव आयोग बीजेपी का कार्यकर्ता बन गया है, लोक तंत्र की हत्या हो रही है। उन्होने कहा कांग्रेस द्वारा प्रदेश भर में 25 अगस्त से 5 सितम्बर तक कांग्रेस द्वारा सडक पर उतर कर आंदोलन किया जाएगा। भाजपा किसानो को गेंहू का पूरा मूल्य नहीं दे रही है, लाडली बहनो के प्रतिमाह 1800 रुपए नहीं दे रही है, भाजपा ने अपने किए वादे निभाए।इस दौरान पूर्व विधायक डॉ पीआर बोडखे, कांग्रेस नेता कमल सोनी, संजय यादव, किशोर सिंह परिहार, शिवकुमार माहोरे, राजरानी परिहार, निर्मला उबनारे, सुमित शिवहरे टीनू मिश्रा, कपिल खंडेलवाल, गोल्डी अग्रवाल सहित कांग्रेसी उपस्थित रहे।

## स्व .आहूजा का जाना बैतूल की राजनीति के लिए अपूरणीय क्षति

**बैतूल।** भाजपा के कद्दावर नेता और पूर्व सांसद सुभाष आहूजा का निधन हो गया। अटल सेना द्वारा स्व.सुभाष आहूजा को राजेंद्र वार्ड चुन्नीढ़ाना राजेन्द्र वार्ड के हनुमान मंदिर प्रांगण में श्रद्धांजलि अर्पित की गई और 2 मिनट का उनकी आत्मा की शांति के लिए मौन धारण किया। संगठन के प्रांत अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह चौहान (केन्दु बाबा) ने कहा कि श्री आहूजा गरीबों के नेता, सभी के दुख दर्द बांटने वाले सबके साथ मधुरता से मिलने वाले व्यक्ति थे और सभी की सहायता के लिए सहज रूप से सबके लिए उपलब्ध रहते थे। कार्यक्रम में उपस्थित ज्योति राठौड़, सुनीता राठौर, कृष्णा नामदेव आदि मौजूद थे।

नवभारत समाचार पत्र में विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करे।
उमाकांत शर्मा, बैतूल मो . 9424009999

क्राफ्ट इंडिया शॉपिंग
2 अगस्त से भव्य शुभारंभ
मेला सह प्रदर्शनी
हैण्डलूम, हैण्डीक्राफ्ट और गृह उपयोगी वस्तुये
EXPO सुनहरा अवसर
एंट्री/पार्किंग फ्री
TIME 10 AM TO 10 PM
30,000 विभिन्न प्रकार की घरेलू उपयोगी वस्तुएं एक ही छत के नीचे
भव्य प्रदर्शन व बिक्री
महाराष्ट्र, वेस्ट बंगाल, कर्नाटक, मध्यप्रदेश, उत्तर प्रदेश, जम्मू-कश्मिर, नागालैंड, आसाम, छत्तीसगढ़, तामिलनाडू, हरियाणा, गुजरात, बिहार, राजस्थान, आंध्रप्रदेश एवं अन्य सभी राज्यों की गृह उपयोगी वस्तु भरपूर स्टॉक में उपलब्ध है।
स्थान न्यू बैतूल स्कूल ग्राउंड कोठीबाजार बैतूल

माँ शांतादेवी कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
अब छात्रों को भोपाल इंदौर जाने की आवश्यकता ही नही, बैतूल में करें
MBA
माँ शांतादेवी कॉलेज ऑफ फार्मेसी
Diploma in Pharmacy
(2 Year) (12th Bio/Math's)
For Year 2025-26
D फार्मेसी
(प्रवेश प्रारंभ) पता : इटारसी रोड, बैतूल मो . 9425003213, 7000863213 (प्रवेश प्रारंभ)